Need to address the problem of shortage of Urea and DAP in Rajasthan ?laid

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** भारत सरकार का ध्यान किसानो से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं । राजस्थान सहित देश में वर्तमान में रबी की बुआई का समय चल रहा हैं । और किसानों को इस समय यूरिया , डीएपी खाद की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है, जिससे किसानो की बुआई प्रभावित हो रही है । साथ ही फसल में भी बिना यूरिया, डीएपी खाद के उत्पादन मे भी कमी आती है मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि राजस्थान के शेखावटी सहित पूरे प्रदेश में किसानों को हो रही यूरिया, डीएपी खाद की किल्लत को अतिशीघ्र दूर करने की कृपा करें जिससे किसान आसानी से बुआई कर सकें ।